आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

08.08.2024 समय : 1850

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो इस स्वतंत्रता दिवस का जश्न अंतरिक्ष में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को कक्षा में स्थापित करके मनाएगा।
- पर्यटन को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की अध्यक्षता में स्थानीय टूर ऑपरेटरों के साथ बैठक की गई।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दूसरे चरण के तहत कल एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दवा दी जाएगी।
- केन्द्र सरकार के विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह संकर्म कार्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो इस स्वतंत्रता दिवस का जश्न अंतरिक्ष में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को कक्षा में स्थापित करके मनाएगा। उपग्रह को लॉच करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल का इस्तेमाल किया जाएगा, जो पन्द्रह अगस्त को सुबह नौ बजकर सत्रह मिनट पर श्रीहरिकोटा से लॉच होगा। इसरो द्वारा तैयार किए गए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल अपना तीसरा और अंतिम प्रायोगिक उड़ान अगस्त पन्द्रह तारीख को श्रीहरिकोटा से करने वाला है। एसएसएलवी–टीथ्री रॉकेट अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट यानी ईओएस–08 को लो अर्थ आर्बिट कक्षा में पहुंचाएगा। ईओएस–08 उपग्रह में कई आधुनिक पेलोड उपकरण हैं, जो आपदा रिमोट सेंसिंग आग और सैलाब की जानकारी और यूवी रेडिएशन से जुड़े जानकारी को दे पाएगा। इसरो द्वारा तैयार किए गए छोटे आकार का रॉकेट को बनाने में कम लागत लगेगी। जल्दी से तैयार हो पाएगा। छोटे उपग्रहों को भूमि से पांच सौ किलोमीटर ऊपर तक उड़ा पाएगा। इस उड़ान के बाद स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बनकर तैयार होने में सक्षम होगा और इससे निजी क्षेत्र को भी लाभ पहुंचेगा।

<><><><><><><>

पर्यटन मौसम में पर्यटन को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की अध्यक्षता में हाल ही में स्थानीय टूर ऑपरेटरों के साथ बैठक की गई। बैठक में दक्षिण अंडमान के सहायक पुलिस अधीक्षक विकास स्वामी, अबरडीन थाना प्रभारी विशाल राम और अंडमान टूर ऑपरेटर एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में पर्यटन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पर्यटकों द्वारा उठाए गए कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें लम्बित रिफंड, पैकेज रद्दीकरण, अंतिम समय में यात्रा कार्यक्रम में बदलाव और गैर–अनुपालन करने वाले टूर ऑपरेटरों के खिलाफ शिकायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी टूर ऑपरेटरों का सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके अलावा टूर ऑपरेटरों से पर्यटकों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने के लिए चौबीसों घंटे हेल्पलाइन स्थापित करने का आग्रह किया गया। सभी टूर पैकेजों को दो से तीन संपर्क नम्बर देने को कहा गया, ताकि पर्यटकों को संपर्क करने मे आसानी हो सके। टूर ऑपरेटरों ने भी अपनी समस्याओं को बैठक में उठाया, जिसमें वाहनों में स्पष्ट रेट कार्ड प्रदर्शित करने और टैक्सी ड्राइवरों को प्रशिक्षण देना शामिल हैं। इसके अलावा पर्यटकों से अनुरोध किया गया कि वे टूर पैकेज बुक करने से पहले टूर ऑपरेटरों के बारे में जांच कर लें।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से कल्याण एवं भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे देश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने की पहल की है, जिसमें सभी एक से उन्नीस वर्ष तक के किशोरों को कृमि मुक्ति दवा दी जाती है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दूसरे चरण के तहत कल एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दवा दी जाएगी। सत्रह तारीख को बचे हुए बच्चों को खुराक पिलाया जाएगा। यह कार्य सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। अभिभावकों से भी बच्चों को एल्बेन्डाज़ोल की खुराक पिलाने में सहयोग की कामना की है। आम जनता से भी ए.एन.एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा को सहयोग देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार के विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए कल अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह संकर्म कार्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्‌घाटन ए एल एच डब्ल्यू के उप–मुख्य अभियंता डी. सत्यमूर्ति ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय कोलकाता के उप–निदेशक निर्मल कुमार दुबे सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा नियम उन्नीस सौ छियहत्तर के तहत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह 'क' क्षेत्र में आता है और इस क्षेत्र में कार्यरत कार्यालयों के लिए अधिक से अधिक विभागीय कार्य हिन्दी में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा ऐसे कई सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं, जिसके प्रयोग से शासकीय कार्यों को हिन्दी में सहजता से किया जा सकता है। इस अवसर पर श्री निर्मल दुबे ने अपने संबोधन मे कहा कि केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों के लिए राजभाषा संबंधी प्रावधानों को अपने कार्यालयों में कार्यान्वित करें और गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में 'क' क्षेत्र के लिए तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें। राजभाषा विभाग के उप–सचिव राजेन्द्र इंदवार ने कहा कि इस कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्‌देश्य कर्मचारियों को राजभाषा नीति और हिन्दी में कार्य करने के लिए इंटरनेट में उपलब्ध उपयोगी ई–टूल्स के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला में कुल सत्तर अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भगवान श्री कृष्ण मंदिर, डेरीफार्म में आज से पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आरंभ हो गए हैं। ग्यारह अगस्त को सुबह साढ़े सात बजे से पहला पुष्कारा कुंभाभिषेकम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा होगा। साढ़े बारह बजे महा अन्नप्रसादम का आयोजन किया जाएगा। शाम पांच बजे गोलघर मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पूजा अर्चना के कार्यक्रम बारह अगस्त तक चलेगी।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, वी टी आई बकुलतला और आई टी आई एरोंग में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि उनतीस अगस्त हैं। दावे और आपत्तियां इक्कतीस अगस्त से तीन सितम्बर तक भेजे जा सकते हैं। चार सितम्बर को अंतिम योग्यता सूची जारी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार प्रवेश पोर्टल देख सकते हैं या संबंधित संस्थानों से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से दक्षिण अंडमान के वन स्टॉप केन्द्र में पारा लीगल पर्सनल, कार्यालय सहायक, बहुद्देशीय कर्मी और कुक के कल होने वाले साक्षात्कार को स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार चौदह अगस्त को आयोजित होगी।

<><><><><><><>

स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए एम जे म्यूजिक अकादमी की ओर से द गोल्डन वॉयस सीज़न–2 संगीत स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। ग्यारह अगस्त को इस स्पर्धा का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य भूमि के कलाकार अभय जोधपुरकर जज होंगे।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में कुल तीन मैच और भातुबस्ती स्कूल मैदान में भी तीन मैच खेले गए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक अट्ठारह दशमलव सात मिलीमीटर, लांग आइलैंड में तेरह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पांच दशमलव चार और हटबे में दो दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>